रिलायंस लाइफ में आधी हिस्सेदारी निप्पन की

रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस होगा कंपनी का नया नाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। जापान की निप्पन लाइफ इंश्योरेंस ने मंगलवार को रिलायंस लाइफ में 23 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी करीब 2,265 करोड़ रुपए में खरीदने की घोषणा की। यह सौदा सिरे चढ़ने पर रिलायंस लाइफ में निप्पन की हिस्सेदारी बढ़कर 49 प्रतिशत हो जाएगी, जो निजी बीमा कंपनियों में विदेशी निवेश की ऊपरी सीमा है।

इन दिनों बीमा क्षेत्र में नरमी का रुख है। बावजूद इसके रिलायंस लाइफ करीब 10,000 करोड़ रुपए का मजबूत मूल्यांकन हासिल करने में सफल रही, जो सभी जीवन बीमा कंपनियों में सर्वाधिक ईवी मल्टीपल है। नए शेयरधारिता ढांचे के मुताबिक कंपनी का नाम बदलकर रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस किया जाएगा।

नए सौदे के बाद रिलायंस लाइफ में निप्पन का कुल निवेश बढ़कर 8,630 करोड़ रुपए हो गया है। जीवन बीमा और परिसंपत्ति प्रबंधन कारोबार में विदेशी कंपनी की हिस्सेदारी 49-49 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी ने एक बयान जारी करके कहा, 'हमें खुशी है कि हमारी दो कंपनियों के बीच उत्कृष्ट संबंध, निप्पन द्वारा अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ अब समान साझीदारी में तब्दील हो गया है। पहले उन्होंने हमारे परिसंपत्ति प्रबंधन बिजनेस में हिस्सेदारी बढ़ाई और अब जीवन बीमा कारोबार में हिस्सा बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर ली।'

टेलीकॉम बिजनेस बेचेगी वीडियोकॉन!

मुंबई (एजेंसी)। वीडियोकॉन संभवतः अपना टेलीकॉम बिजनेस बेचने के करीब है। इसकी घोषणा जल्द की जा सकती है। मामले से जुड़े दो सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है।

एक रिपोर्ट में पहले सूत्र के हवाले से बताया गया, 'सौदे की घोषणा जल्द होने की संभावना है।' दूसरे सूत्र के मुताबिक देश में तीसरे नंबर की मोबाइल ऑपरेटर आइडिया सेल्यूलर वीडियोकॉन टेलीकॉम को खरीदने की होड़ में सबसे आगे है। वीडियोकॉन के पास 6 सर्कलों का लाइसेंस है।

वीडियोकॉन कथित तौर पर स्पेक्ट्रम बेचने के लिए वोडाफोन और टेलीनॉर के साथ भी बातचीत कर रही है। बहरहाल, इस संभावित सौदे पर प्रतिक्रिया के लिए वीडियोकॉन और आइडिया के किसी अधिकारी से संपर्क नहीं हो पाया। सूत्रों ने बताया कि यह सौदा कुछ नकद और शेयरों के जरिए हो सकता है। ठीक उसी तरह, जैसे स्पाइस और आइडिया का विलय हुआ था।